# पाठ–11

# काल

## उचित विकल्प पर ( ✓ ) का चिह्न लगाइए–

1. 'दशरथ अयोध्या के राजा थे।', वाक्य में काल है—
   (i) पूर्ण भूतकाल ☐ (ii) संदिग्ध भूतकाल ☐ (iii) आसन्न भूतकाल ☐
2. 'काल' शब्द से हमें ज्ञान होता है—
   (i) वचन का ☐ (ii) लिंग का ☐ (iii) समय का ☐
3. 'जो समय बीत गया', उसे कहते हैं–
   (i) वर्तमान काल ☐ (ii) भविष्यत् काल ☐ (iii) भूतकाल ☐
4. 'बच्चा रोता होगा।', वाक्य में काल है–
   (i) अपूर्ण वर्तमान काल ☐ (ii) संदिग्ध वर्तमान काल ☐ (iii) सामान्य वर्तमान काल ☐

## रिक्त स्थान भरिए–

1. क्रिया के मूल शब्द को ____________ कहते हैं।
2. काल के ____________ भेद हैं।
3. 'बच्चा रो रहा होगा।' इस वाक्य में ____________ काल है।
4. भविष्यत् काल के ____________ भेद हैं।

## दिए गए कथनों में सही के लिए ( ✓ ) तथा गलत के लिए ( ✗ ) का चिह्न लगाइए–

1. 'गाय दूध देती है।' यह क्रिया वर्तमान काल की है। ☐
2. 'तुम आती तो मैं चलती।' यह क्रिया वर्तमान काल की है। ☐
3. 'वह सेना में भर्ती हो गया।' यह क्रिया भूतकाल की है। ☐
4. 'उसने कहानी सुनी थी।' यह क्रिया भूतकाल की है। ☐

## कोष्ठक में दिए गए काल के अनुसार पुनः वाक्य रचना कीजिए–

1. माँ ने खाना बनाया है। *(भविष्यत् काल)* ____________
2. मेरी बहन सो रही थी। *(संदिग्ध भूतकाल)* ____________
3. प्रतिमा नृत्य करेगी। *(अपूर्ण वर्तमान काल)* ____________
4. कल बड़ी बहन आयी थी। *(संभाव्य भविष्यत् काल)* ____________

LIVEWORKSHEETS